तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 भिंभौरी लोक महोत्सव में आस्था और संस्कृति का संगम...






10 शिक्षकों की प्रशिक्षण ड्यूटी, 5वीं-8वीं बोर्ड और ...




## खबर संक्षेप

### भेड़ चराने निकले युवक की अचानक मौत



**साजा।** ग्राम बोरतारा में भेड़-बकरी चराने निकले युवक की अचानक मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिवराम धुव (उम्र 30 वर्ष) निवासी ग्राम बाटीपथरा, जिला कवर्धा भेड़ चराने के लिए बोरतारा क्षेत्र में गया हुआ था। इसी दौरान उसे अचानक तेज सिरदर्द होने लगा और उसकी तबीयत बिगड़ गई। साथियों द्वारा उसे तत्काल अस्पताल ले जाने का प्रयास किया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### दुर्ग से गुजरेगी एलटीटी सांतरागाछी समर स्पेशल

**भिलाई।** गाड़ी संख्या 01041 /01042 एलटीटी सांतरागाछी समर स्पेशल 17 से 26 अप्रैल तक 2-2 फेरों के लिए चलाई जा रही है। गाड़ी संख्या 01041, 17 अप्रैल और 24 अप्रैल को प्रत्येक शुक्रवार को एलटीटी से 11.30 बजे रवाना होकर मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुए 1.35 बजे नागपुर, 3.28 बजे गोंदिया, 5.30 बजे दुर्ग, 6 बजे रायपुर, 8:05 बजे बिलासपुर, 12.10 बजे झारसुगुड़ा होते हुए राउरकेला, टाटानगर, खड़कपुर होते हुए अगले दिन 20:30 बजे सांतरागाछी पहुंचेगी।

### 13 दिनों में 192 गुमशुदा लोग बरामद

**भिलाई।** ऑपरेशन तलाश के तहत दुर्ग पुलिस ने 13 दिनों में 192 गुमशुदा व्यक्तियों को सुरक्षित बरामद किया है। जानकारी के अनुसार यह अभियान 1 अप्रैल से 13 अप्रैल तक चलाया गया था। अभियान के दौरान बरामद किए गए लोगों में 5 बालक, 9 बालिकाएं, 127 महिलाएं और 51 पुरुष शामिल हैं। इन सभी को सुरक्षित दस्तयाब कर उनके परिजनों को सौंपा गया, जिससे परिवारों में खुशी और सुकून का माहौल देखने को मिला। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर गुमशुदा लोगों की जानकारी जुटाई गई। इस अभियान में जिले के सभी थाना प्रभारियों, विवेचना अधिकारियों, तकनीकी टीम और पेट्रोलिंग स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी व्यक्ति के गुम होने पर तुरंत नजदीकी थाना या डायल 112 पर सूचना दें, ताकि पुलिस त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई कर सके।

### कार पार्किंग को लेकर दो पक्षों में विवाद, पुलिस ने दर्ज किया काउंटर अपराध

**भिलाई।** कार पार्किंग को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जामुल थाना पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। हाऊसिंग बोर्ड भिलाई निवासी सुच्चा सिंह उम्र 70 ने पुलिस को शिकायत में बताया कि 13 अप्रैल को उनकी कार घर के सामने रोड में पार्क की थी। उनके पड़ोसी संदीप शर्मा अपनी कार से मेरी कार को ठोकर मारा। उसके बाद संदीप शर्मा घर के पास आकर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने संदीप शर्मा, दीपक शर्मा, सतवीर तथा अन्य लोगों पर धारा 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया। वहीं दूसरी और पुलिस ने दीपक शर्मा उम्र 31 की रिपोर्ट पर मंजीत सिंह, हरप्रीत सिंह व अन्य के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है। दीपक शर्मा ने पुलिस को बताया कि 13 अप्रैल रात्रि लगभग 10 बजे अपने कार से घर आ रहा था।

# देवरबीजा-कोदवा में कांग्रेस की पहली मंडल बैठक, संगठन मजबूती पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा देवरबीजा एवं कोदवा मंडल कांग्रेस कमेटी की प्रथम बैठक में शामिल हुए। बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए आशीष छाबड़ा ने कहा कि बूथ एवं पंचायत स्तर पर कांग्रेस कमेटियों का गठन शीघ्र किया जाए तथा इस प्रक्रिया में स्थानीय कार्यकर्ताओं की राय और स्वीकार्यता को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि संगठन विस्तार में किसी प्रकार की देरी न हो, क्योंकि कांग्रेस की असली ताकत उसका जमीनी कार्यकर्ता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी कांग्रेस कार्यकर्ता धैर्य नहीं खोता और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने से पीछे नहीं हटता। संगठन द्वारा दिए गए दायित्व को पूरी निष्ठा से निभाने और पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान भी उन्होंने किया।

छाबड़ा ने कहा कि आज कांग्रेस आम जनता की आशाओं का केंद्र है, ऐसे में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। संगठन को हर बूथ पर पहले से अधिक मजबूत और सक्रिय बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने पर करेंगे काम

### संगठन को मजबूत करने सक्रिय भागीदारी

अनुभवी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ युवाओं को भी अवसर दिया जा रहा है, ताकि संगठन में नई ऊर्जा का संचार हो सके। बैठक को जिला कांग्रेस प्रभारी सुनील माहेश्वरी एवं ब्लॉक प्रभारी सतीश मारकंडेय ने भी संबोधित किया। उन्होंने नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर टी.आर. साहू, रवि परगनिहा, विवेक ललित, विश्वकर्मा सिंह राजपूत, सुरेश दुबे, डॉ. प्रभात श्रीवास्तव, प्रवीण शर्मा, विजय देवांगन, श्याम बंजारे, प्रदीप साहू, टोनू आनंद देवांगन, राजा साहू, नंदू सलूजा, गुलाब मंडावी, पवन साहू, शत्रुघ्न साहू, गौकरण टंडन, छगन साहू, दिलहरन साहू, गोरेलाल साहू, रमेश साहू, सहदेव सिन्हा, संजय यदु, मानसिंह साहू, विजयी मांडले, कमलेश बंजारे, झग्गर, यशवंत साहू, हेमसिंग साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तीन परियोजना कार्यालयों में सीडीपीओ पद रिक्त, अफसरों पर बढ़ा काम का दबाव

# महिला एवं बाल विकास विभाग में स्टाफ की कमी, अतिरिक्त प्रभार से चरमराई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




जिला महिला एवं बाल विकास विभाग में अधिकारियों की कमी के चलते कामकाज प्रभावित होने का मामला सामने आया है। जिले के कई विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालयों में नियमित अधिकारियों के अभाव में अतिरिक्त प्रभार के भरोसे व्यवस्था चल रही है, जिससे विभागीय कार्यों की गति धीमी पड़ गई है और आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार जिले में नवागढ़, नांदघाट, बेरला, खंडसरा, बेमेतरा और साजा कुल 6 सीडीपीओ कार्यालय संचालित हैं। वर्तमान में इनमें से नांदघाट, खंडसरा और साजा परियोजना कार्यालयों में नियमित सीडीपीओ पदस्थ नहीं हैं। इन कार्यालयों का संचालन अतिरिक्त प्रभार के जरिए किया जा रहा है। नांदघाट कार्यालय का अतिरिक्त प्रभार बेमेतरा की सीडीपीओ मनोरमा साहू संभाल रही हैं, जबकि खंडसरा और साजा का जिम्मा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सीपी शर्मा के पास है। वहीं बेरला में विद्यानंद बोरकर और नवागढ़ में रेखा लोनहारे नियमित रूप से पदस्थ हैं। ऐसे में देखा जाए तो अधिकांश परियोजना कार्यालय अतिरिक्त प्रभार पर निर्भर हैं, जिससे अधिकारियों पर कार्यभार अत्यधिक बढ़ गया है। एक ही अधिकारी को कई स्थानों का काम संभालना पड़ रहा है, जिसके कारण योजनाओं के क्रियान्वयन, निगरानी और आमजन की समस्याओं के निराकरण में देरी हो रही है। बताया जा रहा है कि पूर्व में साजा, खंडसरा, नांदघाट और नवागढ़ में पदस्थ सीडीपीओ के सेवानिवृत्त होने या अन्यत्र तबादला होने के बाद ये पद लंबे समय से रिक्त चल रहे थे। उस दौरान जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सीपी शर्मा चारों कार्यालयों का प्रभार संभाल रहे थे। हालांकि अब नवागढ़ में नए सीडीपीओ की पदस्थापना हो गई है और नांदघाट का प्रभार बेमेतरा सीडीपीओ को सौंपा गया है, फिर भी दो कार्यालयों का अतिरिक्त भार अब भी बना हुआ है।

अतिरिक्त प्रभार की इस व्यवस्था के कारण न सिर्फ अधिकारियों पर काम का दबाव बढ़ रहा है, बल्कि आम जनता को भी समय पर सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। स्थानीय लोगों ने विभागीय अधिकारियों और जिला प्रशासन से मांग की है कि रिक्त पदों पर जल्द नियमित नियुक्ति की जाए, ताकि विभागीय कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

विशेषज्ञों का मानना है कि महिला एवं बाल विकास जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं से जुड़े विभाग में अधिकारियों की कमी गंभीर चिंता का विषय है। समय रहते पदों पर नियुक्ति नहीं की गई तो इसका सीधा असर पोषण, आंगनबाड़ी सेवाओं और महिला-शिशु कल्याण योजनाओं पर पड़ सकता

## अवैध शराब तस्करी पर कार्रवाई: 30 पौवा अंग्रेजी शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- मुखबिर की सूचना पर की गई कार्रवाई
- आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज



जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत साइबर सेल एवं थाना सिटी कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहे आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 30 पौवा अंग्रेजी शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल क्रमांक CG 07 LY 9767 के माध्यम से मुडपार-नवलपुर मार्ग पर अवैध रूप से बिक्री के उद्देश्य से शराब लेकर जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने तत्काल योजना बनाकर ग्राम मुडपार के पास नाला किनारे घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली, जिसमें वाहन में रखी गई अवैध शराब बरामद हुई। मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान राजेन्द्र सोनी (उम्र 53 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 21, बेमेतरा के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 30 पौवा अंग्रेजी शराब (कुल 5400 मिलीलीटर) बरामद की, जिसकी अनुमानित कीमत 3,600 रुपये बताई गई है। इसके साथ ही परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, जिसकी कीमत लगभग 20,000 रुपये आंकी गई है, को भी जब्त किया गया। इस प्रकार कुल 23,600 रुपये की जप्ती की गई है। इस मामले में थाना सिटी कोतवाली में आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की ▶▶| शेष पेज 11 पर

## करोड़ों के विकास के दावों के बीच बेरला में बदहाल व्यवस्था

### जनपद कार्यालय के पास टूटी नाली का स्लैब बना खतरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- महीनों से धंसा स्लैब, सड़क के बीच गहरा गड्ढा– रोजाना सैकड़ों लोगों की जान जोखिम में

नगर पंचायत बेरला में विकास कार्यों के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के दावों के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। नगर के वार्ड क्रमांक 11 में जनपद पंचायत कार्यालय के पीछे स्थित मुख्य मार्ग पर नाली का टूटा और धंसा हुआ स्लैब प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते स्थिति जस की तस बनी हुई है। यह खतरनाक गड्ढा महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय और विकासखंड स्रोत समन्वयक (बीआरसी) कार्यालय के बीच स्थित मुख्य मार्ग पर बना हुआ है। दोनों ही कार्यालयों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं और कर्मचारियों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में सड़क के बीचों-बीच बना यह गड्ढा कभी भी गंभीर हादसे का कारण बन सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार नाली का स्लैब कई महीनों पहले ही धंस चुका है, जिससे सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके बावजूद नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अब तक कोई मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है। यह लापरवाही न केवल प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाती है, बल्कि आमजन की सुरक्षा के प्रति गंभीरता की कमी भी उजागर करती है।

### रात के समय बढ़ जाता है खतरा

दिन के मुकाबले रात के समय यह गड्ढा और अधिक खतरनाक हो जाता है। पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं होने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को गड्ढा दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार छोटे-मोटे हादसे हो भी चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### विकास के दावों पर उठ रहे सवाल

नगरवासियों का कहना है कि एक ओर नगर पंचायत द्वारा बड़े-बड़े विकास कार्यों के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर के प्रमुख मार्ग की इस स्थिति को नजरअंदाज किया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन प्राथमिक समस्याओं को सुलझाने में गंभीर नहीं है और केवल कागजों में विकास दिखाया जा रहा है। बेरला में विकास कार्यों के दावों और वास्तविक स्थिति के बीच का यह अंतर प्रशासन की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़ा करता है। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह लापरवाही किसी बड़े हादसे में बदल सकती है। अब देखना होगा कि प्रशासन कब जागता है और आमजन को राहत मिलती है।

**आमजन में आक्रोश, जल्द सुधार की मांग:** इस समस्या को लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों ने मांग की है कि नगर पंचायत के अधिकारी तत्काल इस पर संज्ञान लेते हुए नाली के स्लैब की मरम्मत कराएं और सड़क को सुरक्षित बनाएं, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। ▶▶| शेष पेज 11 पर

## भारतीय संस्कृति परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छात्र कोमल का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, ठेलका (सेजेस ठेलका) के कक्षा 11वीं के छात्र कोमल साहू ने भारतीय संस्कृति परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जिससे विद्यालय, ग्राम एवं जिले का नाम गौरवान्वित हुआ है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू द्वारा छात्र का सम्मान किया गया। मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित गायत्री शक्तिपीठ में गायत्री परिवार द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

विधायक साहू ने कोमल साहू को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति से जुड़े ऐसे आयोजनों में विद्यार्थियों की सहभागिता न केवल उनके ज्ञान को बढ़ाती है, बल्कि उनमें संस्कार, अनुशासन एवं राष्ट्रीय भावना का भी विकास करती है। विद्यालय के प्राचार्य टिकेश्वर लाल साहू एवं संस्कृति ज्ञान ▶▶| शेष पेज 11 पर



## जिले में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर सख्ती

# 152 चालान काटे, 63,700 रुपए वसूले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- बिना हेलमेट 84 और अन्य उल्लंघनों में 68 वाहन चालक शामिल, जिलेभर में चला विशेष अभियान



जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

अभियान के दौरान बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, तेज गति, शराब पीकर वाहन चलाना, दोपहिया वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग, मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाना जैसे गंभीर उल्लंघनों पर कार्रवाई की गई। जिले के विभिन्न थाना और चौकियों में कुल 152 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इनमें थाना बेमेतरा में 7, नवागढ़ में 5, नांदघाट में 19, दाढ़ी में 5, खम्हरिया में 7, परपोडी में 17, चंदनू में 7, देवकर चौकी में 4, खंडसरा में 8, मारो में 9, कंडरका में 7, देवरबीजा में 10, संबलपुर में 5 और यातायात बेमेतरा द्वारा 42 चालान किए गए। इनमें 84 बिना हेलमेट और 68 अन्य उल्लंघनों के मामले शामिल हैं। कुल 152 प्रकरणों में 63,700 समन शुल्क वसूला गया।

### सशक्त ऐप से वाहन चेकिंग

वाहनों की चोरी और गुमशुदगी की पहचान के लिए "सशक्त ऐप" के माध्यम से भी जिलेभर में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 70 वाहनों की जांच की गई। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें। हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग ▶▶| शेष पेज 11 पर

## सोड गांव में सफाई अभियान के बाद मनाई गई जयंती

# बेरला मंडल में 'सामाजिक समरसता दिवस' के रूप में मनाई अंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



भारतीय जनता पार्टी बेरला मंडल द्वारा 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को 'सामाजिक समरसता दिवस' एवं 'समता दिवस' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जातिगत भेदभाव को समाप्त करने, एकता, समानता और बंधुत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसी कड़ी में बेरला मंडल के ग्राम सोड में 13 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमा स्थल के आसपास सफाई अभियान चलाया गया। इसके पश्चात 14 अप्रैल को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक समरसता भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन किया और सामाजिक एकता का संदेश दिया। बेरला मंडल प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री संध्या परगनिया ने कहा कि बाबा साहब ने देश को संविधान दिया, जिसके माध्यम से सभी नागरिकों को अधिकार प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि इसी संविधान की बदौलत महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र सिंह राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब का पूरा जीवन भेदभाव मिटाने के लिए समर्पित रहा। उन्होंने जातिवाद, असमानता और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते हुए समाज को नई दिशा दी। शिक्षा, राजनीति और न्याय व्यवस्था में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए हिंदू कोड बिल प्रस्तुत किया, जिससे महिलाओं को संपत्ति, तलाक और गोद लेने जैसे अधिकार मिले। उन्होंने आगे बताया कि बाबा साहब एक महान अर्थशास्त्री भी थे और उनके शोध कार्यों के आधार पर भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना हुई। श्रम मंत्री रहते हुए उन्होंने मजदूरों के हित में कई ऐतिहासिक फैसले लिए, जिनमें कार्य के घंटे 12 से घटाकर 8 करना, प्रसूति अवकाश की व्यवस्था और ईएसआई व पीएफ जैसी योजनाओं की नींव रखना शामिल है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक यतीश द्विवेदी, सह संयोजक नारायण पटेल, जिला पंचायत सभापति प्रीतम सिंह चंदेल, नगर पंचायत अध्यक्ष विशाल राज देशलहरा, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजू साहू, पार्षद शिव झड़ी सिन्हा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### दुष्कर्म के आरोपी की विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग

**उतई।** नगर पंचायत उतई के बंजारी पारा में हुए 5 वर्ष की अबोध बालिका का शोषण एवं हत्या के प्रयास जैसे सघन्य अपराध के विरुद्ध आरोपी को सख्त से सख्त सजा देने जिला ईकाई ने मांग रखी। आरोपी को फांसी की सजा दी जाए एवं उनके घर में बुलडोजर चलाने मांग की गई। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि 15 दिनों के भीतर ही उचित कार्यवाही की बात कही। थाना प्रभारी के माध्यम से गृहमंत्री छत्तीसगढ़ शासन तक बात रखने आवेदन दिया गया, साथ ही दुर्ग जिला पुलिस अधीक्षक के नाम भी ज्ञापन सौंपा। उक्त कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दुर्ग शुभम सिंह बमभोले, जिला बालोद दिनेश मेश्राम, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील बम्बोड़े, युवा प्रकोष्ठ दिगेश्वर अंगारे, जिला सचिव शशि अग्रवाल, धनराज सोनवानी, मूलचंद चोपड़िया, जितेंद्र मेश्राम,पऊवारा अध्यक्ष हरीश पटेल, भिलाई अध्यक्ष मनोज कामड़े, सुरेंद्र कामड़े, पीयूष सिंह, नीरज कामड़े, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष उतई विमला कामड़े, अनिता कौशिक, लता अंगारे, लीला अग्रवाल, भुनेश्वरी अग्रवाल, ममता महार एवं समाज प्रदेश एवं जिला पदाधिकारीगण, सदस्य मौजूद थे।

### ग्राम पंचायत सेलूद में मनाई अंबेडकर जयंती



**सेलूद।** ग्राम पंचायत सेलुद में डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयन्ती मनाई गई । सरपंच खिलेश मारकंडे ने डॉ. अंबेडकर के कार्यों को याद किया। इस अवसर पर सचिव हुपेन्द्र साहू, हलधर देवांगन, रेणुका कुर्रे, लोकेश्वरी बघेल, तुलेश्वरी साहू, सविता ठाकुर, गंगा साहू, सरोज और दीपिका साहू आदि उपस्थित थे।

### प्याऊ घर का शुभारंभ



**सेलूद।** बाजार चौक सेलुद में ग्राम पंचायत सेलुद के सार्वजनिक प्याऊ घर का शुभारंभ सरपंच खिलेश बबलू मारकंडे ने किया। इस अवसर पर सचिव हुपेन्द्र साहू, तारेंद बंछोर, बीरेंद्र साहू, केशव मानिकपुरी, रामू, रेणुका, हेमा देवांगन, मुन्ना साहू और चुन्नु मानिकपुरी सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### अंबेडकर ने की थी जातिविहीन समाज की कल्पना : भूपेश

**कुम्हारी।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने ऊँच-नीच, छुआछूत से परे जातिविहीन समाज की कल्पना की थी। इसके लिए उन्होंने लाखों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म की दीक्षा ली। बुद्ध की करूणा की जरूरत ट्रंप और नेतन्याहू को भी है। आज देश को गुलामी से बचाने के लिए हमें बाबा साहब के संविधान की रक्षा करनी होगी। पंचशील बुद्ध विहार कुम्हारी में अंबेडकर जयंती के अवसर पर भूपेश बघेल, पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक पाटन ने उक्ताशय का विचार रखा। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर के छायाचित्र के समक्ष केक काटकर बौद्ध समाज को अंबेडकर जयंती की बधाई दी।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान



कटे होंठ व तालु का नि:शुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# भिंभौरी लोक महोत्सव में आस्था और संस्कृति का संगम, भाजपा किसान नेता योगेश हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

नगर पंचायत भिंभौरी में आयोजित दो दिवसीय "महतारी के मया लोक महोत्सव" में आस्था, संस्कृति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस भव्य आयोजन में भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी विशेष रूप से शामिल हुए।

माँ भवानी की कृपा से आयोजित इस महोत्सव में जसगीत, लोककला एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का आयोजन जय भवानी दुर्गा समिति, भिंभौरी एवं नगरवासियों के सहयोग से किया गया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोक कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं। जसगीत, लोकनृत्य, नवधा रामायण और आकर्षक झांकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगेश तिवारी ने जय मां दुर्गा के उद्घोष के साथ कहा कि भिंभौरी नगर पंचायत इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से क्षेत्र की पहचान को लगातार सशक्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की पावन धरती लोक कला और संस्कृति की समृद्ध परंपराओं से परिपूर्ण है, जिस पर हम सभी को गर्व है। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार के मंच कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे नई पीढ़ी अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ती है। ऐसे कलाकार प्रदेश का नाम देश-विदेश में रोशन कर रहे हैं, इसलिए उनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। योगेश तिवारी ने समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यही हमारी संस्कृति की असली पहचान है। उन्होंने नगर पंचायत भिंभौरी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे प्रदेश का आदर्श नगर पंचायत बनाने की बात कही।

## दो दिनी महतारी के मया लोक महोत्सव में जसगीत, लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां




### बुजुर्गों का सम्मान सबसे बड़ा धर्म

अपने उद्बोधन में उन्होंने माता-पिता एवं बुजुर्गों के सम्मान को जीवन का सबसे बड़ा धर्म बताया और कहा कि उनके आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से ही व्यक्ति सही दिशा में आगे बढ़ सकता है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप परगनिहा, चंद्रशेखर परगनिहा, लखन चक्रधारी, हरिश्चंद्र वर्मा, अमर साहू, देवी सिंह साहू, मोती साहू, राजेंद्र वर्मा, कमलेश वर्मा, कामदेव धीवर, रामकृष्ण साहू सहित समस्त पार्षदगण, आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

**चुनाव**

# शहर के नीरज चांडक बने माहेश्वरी युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष

**रायपुर में संपन्न हुआ प्रदेश स्तरीय चुनाव, युवाओं ने दिखाया उत्साह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा






छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन का चुनाव राजधानी रायपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें प्रदेशभर से माहेश्वरी समाज के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस गौरवशाली सामाजिक चुनाव में बेमेतरा शहर के युवा नीरज चांडक प्रदेश अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। उनकी जीत की खबर मिलते ही स्थानीय माहेश्वरी समाज के युवाओं एवं वरिष्ठजनों में हर्ष की लहर दौड़ गई। शहर में जमकर आतिशबाजी की गई तथा नीरज चांडक के आगमन पर भव्य स्वागत के साथ रैली भी निकाली गई।

इस अवसर पर समाज के युवा दिलीप कुमार माहेश्वरी ने कहा कि, "नीरज चांडक की यह जीत केवल एक व्यक्ति की जीत नहीं, बल्कि पूरे माहेश्वरी समाज के युवा वर्ग की एकजुटता और विश्वास की जीत है। उन्होंने हमेशा समाज के हित में कार्य किया है और युवाओं को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और समाज के विकास के लिए ठोस पहल की जाएगी। वहीं प्रदेश अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के पश्चात नीरज चांडक ने अपने संबोधन में कहा कि, "मैं इस जिम्मेदारी के लिए प्रदेशभर के सभी साथियों का आभारी हूं। यह जीत मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। मैं पूरे समर्पण के साथ समाज के युवाओं को जोड़ने, उनकी समस्याओं को सामने लाने और संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करूंगा। हमारा लक्ष्य सामाजिक एकता, शिक्षा, रोजगार और सेवा के क्षेत्र में सार्थक पहल करना रहेगा।"प्रदेश स्तर के इस चुनाव में नीरज चांडक की जीत को युवाओं के प्रति उनके लंबे समय से किए जा रहे समर्पण और सक्रिय योगदान का परिणाम माना जा रहा है। हर्ष व्यक्त करने वालों में बंटी चाचा,मुन्ना भूतड़ा,अरुण राठी,चंदू मुंदड़ा,सुनुल डागा,अमित गिलड़ा,संजू बजाज, ईस्वर चांडक, प्रीतेश गिलड़ा,दुलीचंद चांडक,राजेश मंत्री, स्वराज माहेश्वरी, रवि राठी, करण माहेश्वरी रायपुर,धीरज भट्टड़ तिल्दा, अजय जी राठी दुर्ग,हर्ष राठी दुर्ग,शैलेश काबरा राजिम,भावेश टावरी गुरुर,प्रतीक केला कुरूद रहे ।

### साजा से पहुंचकर पदाधिकारियों ने किया आत्मीय स्वागत

छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पद पर नीरज चांडक के निर्वाचन की सूचना मिलते ही दुर्ग जिला माहेश्वरी युवा संगठन साजा के पदाधिकारियों एवं समाजजनों में हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया। इस खुशी के अवसर पर पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल बेमेतरा पहुंचा, जहां उन्होंने नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष नीरज चांडक का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि नीरज चांडक के नेतृत्व में प्रदेशभर का माहेश्वरी युवा संगठन और अधिक सशक्त एवं संगठित होगा। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से मुकेश राठी, अंशुल चांडक, सौरभ सोमानी, रमेश (विक्की) चांडक, राम चांडक, जितेश राठी, सुचिता राठी एवं चंचल गांधी सहित समाज के अनेक सक्रिय सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल रहे। इस अवसर पर नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष नीरज चांडक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, संगठन ने मुझ पर जो विश्वास प्रदेश स्तर पर जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।

# आपसी विवाद के दौरान की गई मारपीट से युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई/अंडा

दुर्ग जिले के अण्डा थाना क्षेत्र से एक गंभीर वारदात सामने आई है, जहां मामूली आपसी विवाद ने हत्या का रूप ले लिया। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार दोनों आरोपियों को महज तीन घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी के खिलाफ धारा 103, 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

घटना 12 अप्रैल 2026 की रात करीब 10 बजे की है। ग्राम खाड़ा के स्कूल पारा में रहने वाले शम्भू निषाद उर्फ देवचरण, उम्र लगभग 45 वर्ष, अपने गांव आए हुए थे। इसी दौरान उनका गांव के ही संतोष कुमार यादव उम्र 44 वर्ष, और रोहित कुमार यादव उम्र 42 वर्ष के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद धीरे-धीरे इतना बढ़ गया कि दोनों आरोपियों ने मिलकर शम्भू निषाद के साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। हाथ-मुक्कों और लातों से की गई इस पिटाई में शम्भू को गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। परिजन उन्हें तुरंत जिला अस्पताल दुर्ग लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान 13 अप्रैल को डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद परिजनों की रिपोर्ट पर थाना अण्डा में हत्या का मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत टीम गठित की और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। त्वरित घेराबंदी करते हुए पुलिस ने संतोष कुमार यादव को कुथरेल क्षेत्र से और रोहित कुमार यादव को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# सार्वजनिक स्थलों पर शराबखोरी पर सख्ती, तीन दिन में 46 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



जिले में सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन और अड्डेबाजी पर लगाम कसने के लिए दुर्ग पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। 11 से 13 अप्रैल के बीच चले इस अभियान में कुल 46 लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम और प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस के मुताबिक, यह अभियान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ चलाया गया, ताकि सार्वजनिक स्थलों पर शांति व्यवस्था बनी रहे और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। इस दौरान छावनी थाना क्षेत्र में सबसे अधिक 8 प्रकरण दर्ज किए गए, जबकि पुलगांव में 7 और नेवई में 6 लोगों पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा नंदिनी नगर और जामुल में 4-4, मोहन नगर और उतई में 3-3, पाटन, वैशाली नगर, भिलाई नगर और पद्मनाभपुर में 2-2 तथा सुपेला, खुर्सीपार और नगपुरा चौकी में 1-1 प्रकरण दर्ज किए गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में भी इसी तरह लगातार निगरानी और सख्ती जारी रहेगी। सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन और अड्डेबाजी जैसी गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे कानून का पालन करें और सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की गतिविधियों से दूर रहें, ताकि शहर में शांति और व्यवस्था बनी रहे।

# चक्रवाय में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट



ग्राम चक्रवाय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सभापति अंजू बघेल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विजय वर्मा, भाजपा मारो मंडल अध्यक्ष राकेश राजपूत, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष निरंजन चेलक, दिनेश सोनी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष संतोष साहू, सरपंच सुनीता बघेल, भानु बघेल, वृहनल जांगड़े सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं आसपास के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही मनुष्य जीवन की वास्तविक पूंजी है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने कठिन परिस्थितियों में जन्म लेकर अपनी प्रतिभा और शिक्षा के बल पर कोलंबिया विश्वविद्यालय अमेरिका तथा लंदन से उच्च शिक्षा प्राप्त की। एमए, पीएचडी, डीएससी और बार-एट-लॉ जैसी डिग्रियां हासिल कर वे देश के संविधान निर्माता बने। अवसर मुख्य अतिथि ने कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान ने देश के हर वर्ग को समान अवसर प्रदान किया है। साधारण परिवार में जन्म लेकर देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित होकर उन्होंने इतिहास में अमर स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर चक्रवाय में जल संकट को देखते हुए खाद्य मंत्री द्वारा प्रदत्त दो पानी के टैंकर भी ग्रामीणों को समर्पित किए गए। इससे गांव में पेयजल समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। टैंकर समर्पण के बाद सरपंच सुनीता बघेल एवं ग्रामवासियों ने जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया और गांव के विकास के लिए निरंतर सहयोग की अपेक्षा जताई।

## अकोली में संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर को किया याद



**नांदघाट।** ग्राम अकोली में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अकोली में सरपंच सुनीता निषाद ने स्वच्छता रथ का उद्घाटन किया। अब पंचायत में घर-घर से रिक्शा के माध्यम से शारदा स्व सहायता समूह की महिलाएं अपशिष्ट एकत्र कर उसका उचित निपटारा करेंगी।

**गीले-सूखे कचरे के लिए अलग डिब्बे वितरित:** स्वच्छता अभियान के तहत गांव में गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डिब्बों का वितरण भी किया गया। पंचायत के इस प्रयास से गांव को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर सरपंच सुनीता निषाद ने कहा कि गांव को स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी है। स्वच्छता रथ शुरू होने से घर-घर से कचरा संग्रहण होगा और गांव में स्वच्छ वातावरण बनेगा।

**जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की रही उपस्थिति:** कार्यक्रम में उपसरपंच रोहित निषाद, गीता महेंद्र वर्मा, बाई निषाद, सत्यम बार्गो, सुषमा निषाद, शकुंतला घृतलहरे, निर्मला निषाद, रेखालाल बंजारे, केशकांत कोसले, पंचायत सचिव रोशन नवरंग, रोजगार सहायक गीता रात्रे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल**

# ग्राम आदु में विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



ग्राम पंचायत आदु में ग्रामीण इकाई साहू संघ के तत्वावधान में संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जहां विधायक सहित सभी अतिथियों ने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने ग्राम आदु में कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इनमें 14 लाख रुपये की लागत से शासकीय प्राथमिक शाला भवन, 8 लाख रुपये की लागत से पूर्व माध्यमिक शाला भवन, 8 लाख 71 हजार रुपये की लागत से किसान सामुदायिक भवन तथा 10 लाख 40 हजार रुपये की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं से गांव के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलने के साथ विकास को नई दिशा मिलेगी। अपने संबोधन में विधायक श्री साहू ने कहा कि संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा का जीवन समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने एकता, सेवा और समर्पण का जो संदेश दिया, वह आज भी प्रासंगिक है। कर्मा जयंती महोत्सव हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक मूल्यों को सहेजने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और शिक्षा, सड़क, भवन एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। स्कूल भवनों के निर्माण से बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, वहीं सामुदायिक भवन सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा और सीसी रोड से आवागमन सुगम होगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में लखन लाल साहू, लालू साहू, भिखु राम साहू, यादो राम साहू, हेमन्त वैष्णव, कैलाश साहू, सरजू साहू, कमल किशोर साहू, सुरीत राम साहू, दशरथ साहू, मनहरण साहू, रघुवीर साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411